राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

डीडी राजस्थान के 'बेमिसाल 35 साल' कार्यक्रम में राज्यपाल ने की शिरकत

स्पर्धा के दौर में विश्वसनीयता को कायम रखें प्रसार माध्यम – राज्यपाल

जयपुर, 30 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि स्पर्धा के दौर में भी प्रसार माध्यमों को अपनी विश्वसनीयता और उच्च मापदण्डों को बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा कि समाचार माध्यमों को वही सूचना प्रसारित करनी चाहिए जो सत्य, सकारात्मक और देश व समाज को आगे बढ़ाने की दृष्टि से उपयोगी हो।

राज्यपाल श्री मिश्र गुरुवार को यहां झालाना डूंगरी स्थित दूरदर्शन केन्द्र में डीडी राजस्थान के स्थापना दिवस के अवसर पर 'बेमिसाल 35 साल' कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सूचना पहुंचाने और स्वस्थ मनोरंजन के साथ समाज को शिक्षित बनाने, सभ्यता–संस्कृति, लोक परंपरा और जीवन मूल्यों के बारे में जागरुक करना भी टीवी चैनलों का ध्येय होना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि आम जन–मानस को ध्यान में रखकर कार्यक्रम प्रसारित करने में ही किसी भी संचार माध्यम की सार्थकता होती है। उन्होंने कहा कि जो माध्यम समाज में सकारात्मक संदेश प्रदान करने का कार्य करता है, वही विश्वसनीयता के साथ अपनी सार्थकता को सिद्ध कर सकता है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने डीडी राजस्थान की स्थापना के 35 साल पूरे होने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए दूरदर्शन को देश का लोकप्रिय प्रसार माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि गत पैंतीस वर्षों में डीडी राजस्थान ने जन–जन में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने तकनीक और सोशल मीडिया के इस्तेमाल से दूरदर्शन की पहुंच और बढ़ाने का आह्वान किया।

राज्यपाल इस अवसर पर दूरदर्शन की ओर से आयोजित कवि सम्मेलन में भी उपस्थित रहे। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत कवियों द्वारा प्रस्तुत की गई देशभक्तिपूर्ण रचनाओं को सराहा।

इससे पहले राज्यपाल श्री मिश्र ने उपस्थितजन को संविधान की उद्देश्यिका और मूल कर्तव्यों का पठन करवाया।

कार्यक्रम में दूरदर्शन के केन्द्राध्यक्ष श्री सतीश देपाल, पत्र सूचना कार्यालय, जयपुर की अपर महानिदेशक श्रीमती प्रज्ञा पालीवाल गौड़, जयपुर दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख श्री लक्ष्मण दास व्यास, समाचार प्रमुख श्रीमती मंजू मीणा सहित गणमान्यजन एवं दूरदर्शन के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

———